तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 14 दिसंबर 2023



लोकगायक दीपक को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार





## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती रैली जांजगीर-चांपा में कल

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर-चांपा जिले में 15 से 23 दिसम्बर तक पुलिस लाईन खोखरा भांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था। सीईई में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती परीक्षा हेतु आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ जिले से सीईई परीक्षा उत्तीर्ण आवेदक 16 दिसम्बर को निर्धारित स्थान में उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती परीक्षाओं में भाग ले सकते है।

### पीएम फसल बीमा योजना के लिए आवेदन 31 तक

**रायगढ़।** उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में रबी 2023-24 हेतु किसानो के फसल बीमा के लिए छग शासन द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी से अनुबंध किया गया है, शासन से जारी अधिसूचना के आधार पर जिले के 5 विकास खंड यथा खरसिया, पुसौर, धरमजयगढ़, घरघोड़ा एवं लैलूंगा के विभिन्न ग्रामों को फसल बीमा रबी 2023-24 के लिए राजस्व निरीक्षक एवं ग्राम स्तर पर अधिसूचित किया गया है जिसके तहत सिंचित गेहूं एवं सरसों फसल का बीमा हेतु अऋणी कृषकों से बीमा प्रस्ताव का आवेदन बैंक वित्तीय संस्थानों लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है एवं ऋणी कृषकों का बीमा प्रस्ताव आवेदन संबंधित ऋण प्रदायक बैंक के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है इस हेतु कृषकों से 31 दिसम्बर तक ही आवेदन प्रस्ताव स्वीकार किए जाएंगे। उक्त विकास खंड के ऋणी एवं अऋणी कृषकों से आग्रह किया जाता है की अधिक से अधिक संख्या में बीमा प्रस्ताव जमा कर योजना का लाभ लेते हुए फसलों में होने वाले जोखिम से मुक्त रहें, बीमांकित राशि रुपये 35 हजार प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानों को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 525 रुपये प्रति हेक्टेयर देना होगा एवं राई सरसों फसल के लिए 21000 रुपये प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानों को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 315 रुपए प्रति हेक्टेयर देना होगा।

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील घरघोड़ा के ढोरम निवासी जयराम राठिया की 9 जनवरी को प्राकृतिक आपदा के तहत तालाब के पानी में डूबने से असामायिक मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के प्रकरण का परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के यथा संशोधित प्रावधान के तहत मृतक की पत्नी कुमारी राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मनोरोगी महिला ने बढ़ाई ग्रामीणों की चिंता

**कोडासियां।** कोडासिया गांव में कुछ दिनों से एक अज्ञात महिला आ कर रह रही है। ग्रामीणों का कहना है की ये महिला पिछले 7-8 दिनों से रह रही है तथा पूछने पर अपने बारे मे कुछ बता नहीं पा रही है। ग्रामीणों का मानना है की महिला मानसिक रूप से विछिप्त लगती है। ग्रामीणों के अनुसार ये महिला रात को भी गांव मे घरों के पर्छी में सो जाती है। यह महिला इतनी ठंड में भी बाहर ही रात गुजारती है।



---

### आईडी लॉक, काम भी प्रभावित, कोर्ट पहुंचा मामला

# केन्द्र से फंड अटका, 6 माह तक सोशल ऑडिट के कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केन्द्र से फंड अटकने की वजह से सोशल ऑडिट शाखा के कर्मचारी बीते करीब 6 माह से नो वर्क नो पे पर थे। इसकी मुख्य वजह केन्द्र से फँड का नहीं आना बताया जा रहा है। ऐसे मे सोशल आडिट के कर्मचारियों ने राजधानी में पदस्थ उच्चाधिकारियों सहित न्यायालय तक का दरवाजा भी खटखटाया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार केन्द्र से फंड आबंटित नहीं होने के कारण सोशल आडिट शाखा में कर्मचारियों को तो आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ा। बल्कि इसकी वजह से सोशल आडिट की प्रक्रिया पर भी ब्रेक लग गया। आलम यह था कि यूजर आईडी लॉक होने की वजह से काम भी प्रभावित हुआ। इसकी वजह से तीन माह तक कोई कार्य नहीं हो सका। यूजर आईडी लॉक होने के कारण जिले सहित राज्य भर में इसका प्रभाव देखने को मिला। इस बात को लेकर सामाजिक अंकेक्षण शाखा के कर्मचारी व अधिकारियों ने रायपुर पहुंच कर उच्चाधिकारियों से भी इसका समाधान निकालने की मांग की। वहीं इस मामले को न्यायालय की दहलीज तक भी लाया गया।




#### आईडी अनलॉक होने का इंतजार

अब स्थिति यह है कि जब तक यूजर आईडी अनलॉक नहीं होगी, तब तक कोई कार्य नहीं हो पाएगा। ऐसी स्थिति में यूजर आईडी के अनलॉक होने का इंतजार किया जा रहा है। इस समस्या के बार रिकव्हरी में भी परेशानियां हो रही हैं।

#### कर्मचारियों को हुई आर्थिक परेशानी

6 माह तक बिना वेतन के कर्मचारी व अधिकारियों को आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई कर्मचारी ब्लॉक स्तर पर किराए का मकान लेकर रहते हैं, जिन्हें किराया, राशन सहित अन्य जरूरत को पूरा करने में दिक्कत हुआ।

---

# महापौर से चूके अब सभापति की कुर्सी पर भाजपा पार्षदों की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही नगर निगम की सियासत में एक बार फिर घमासान मचने के संकेत मिल रहे हैं। कुछ माह पहले महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश में मुंह की खाने के बाद अब बीजेपी पार्षद सधी रणनीति से निगम सभापति की कुर्सी हथियाने की तैयारी कर रहे हैं। चूंकि अभी निगम के चुनाव में साल भर का वक्त है। ऐसे में भाजपा पार्षद निगम में बडा उलटफेर कर सभाध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचने की जुगत लगा रहे हैं।

गौरतलब है कि शहर में वर्तमान मे कांग्रेस की सरकार है लेकिन आपसी खींचतान की वजह से नगर शासन की न केवल अब तक फजीहत होती आई है बल्कि इससे शहर का विकास भी बाधित हुआ है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि नगर सरकार के करीब 4 साल के कार्यकाल का ज्यादातर समय महापौर की कुर्सी व एमआईसी को साधने में ही गुजरा है जबकि शहर सरकार की इस नूराकुश्ती में आम जनता कभी आवारा मवेशियों और पागल कुत्तों शिकार बनी तो कभी डेंगू जैसी महामारी का त्रास झेलना पडा। वहीं विपक्षी दल भाजपा ने भी नगर में पानी की किल्लत और गौठानों में गौवेशों की असमय मौत को लेकर कई बार प्रदर्शन किया। तमाम गतिविधियों में शहर सरकार की नाकामी जनता के बीच बडा मुददा बनी। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले संख्या बल में कम होने के बावजूद बीजेपी पार्षदों ने नगर सरकार का तख्ता पलट करने की योजना बनाई लेकिन इसमें सफलता मिलने के बजाय बीजेपी खेमे और पार्षदों की फजीहत हुई। दसके बाद दोनो दल विधानसभा चुनाव में जुट गये। संयोग से इस चुनाव में ना केवल रायगढ विधानसभा में भाजपा की अप्रत्याशित बढत के साथ जीत हुई बल्कि प्रदेश में बीजेपी ने सरकार में वापसी की। विजय से उत्साहित भाजपा पार्षद अब एक बार फिर नगर निगम की शासन व्यवस्था में फेरबदल की गुंजाईश तलाशने में जुट गये हैं। नियमतः मेयर के विरुद्ध एक बार अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने के बाद अगले 6 माह तक दोबारा महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता! इसलिए अब भाजपा पार्षदों ने सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है।



---

# रेलवे स्टेशन में बताने को स्मार्ट मीटर मगर बिल पटाने करने पड़ती है मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, किंतु यह मीटर कहने के लिए ही स्मार्ट हैं। दरअसल इस मीटर के लगाए जाने के बाद बिजली बिल पटाने के लिए स्टॉल संचालकों को बिलासपुर जाना पड़ता है, जहां से उन्हें एक रसीद मिलती है, इस रसीद के जरिए मोबाइल में रकम ट्रांसफर कर वापस आकर रिचार्ज करना पड़ता है। तब जाकर बिजली बिल का भुगतान होता है। इस संबंध में स्टॉल संचालकों ने बताया कि पहले जो मीटर लगाए गए थे, उसका बिल भुगतान करना काफी आसान था। किंतु जब से इस स्मार्ट मीटर को लगाया गया है, तब उसे उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। स्टॉल संचालकों ने बताया कि इसका भुगतान वे मोबाइल से तो करते हैं, किंतु इसके लिए उन्हें एक लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और यह तमाम प्रक्रियाएं बिलासपुर में पूरी होती हैं। बिजली बिल का भुगतान करने के लिए स्टॉल संचालन को बिलासपुर जोनल कार्यालय में स्थित विद्युत विभाग में जाकर एक फार्म भरना पड़ता है। इस फार्म के जरिए एक रसीद दी जाती है, जितने का रिचार्ज मीटर में करना है। जिसके बाद इस रसीद के जरिए रिचार्ज की राशि मोबाइल में ट्रांसफर किया जाता है। रिचार्ज की राशि मोबाइल में ट्रांसफर होने के बाद वापस रायगढ़ आकर गो मीटर के आप्शन में जाकर रिचार्ज किया जाता है।



#### समय की होती है बर्बादी

इस बारे में स्टॉल संचालकों की मानें उन्हें इस पूरी प्रक्रिया से गुजरने में पूरा दिन निकल जाता है। वे सुबह की ट्रेन से बिलासपुर जाते हैं, जहां विद्युत विभाग में इन तमाम प्रक्रियाओं को करते करते शाम हो जाती है। क्योंकि इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लगता है। ऐसे में उनके समय की बर्बादी होती है।

#### नहीं है दूसरा विकल्प

जानकारी के अनुसार बिलासपुर जाकर इस तमाम प्रक्रियाओं को करने के बाद ही वे मोबाइल से मीटर रिचार्ज कर पाते हैं। वहीं मोबाइल में पैसे ट्रांसफर होने के बाद भी स्टॉल संचालक बिलासपुर में रहते हुए भी मीटर का रिचार्ज नहीं कर सकते, उसके लिए उन्हें मीटर के पास आकर एप में गो मीटर के विकल्प को चुन कर रिचार्ज करना पड़ता है।

---

### उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा की अवधि 31 तक

**रायगढ़।** उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे कृषको को सूचित किया जाता है कि रबी फसल हेतु टमाटर बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू के लिए 2023-24 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना शासन की अधिसूचना के साथ छत्तीसगढ़ में लागू हो गई है। अतः रायगढ़ जिले के इच्छुक ऋणी/अऋणी कृषक 31 दिसम्बर तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस हेतु बीमा कंपनी के राज्य स्तरीय कपिल विश्वकर्मा मोबाईल नंबर 7906655061 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि संजीव कुमार साहू मोबाइल नंबर 7489601443 से संपर्क कर सकते है। सहायक संचालक उद्यान ने बीमा योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी है।

---

# वाहन चालक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एमएस कंपनी के चालक ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम पेड़ में फांसी लगा जान दे दी। मृतक के कपड़े में मिले मोबाइल नंबर से उसकी पहचान हुई। यह घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है।

मामले की विवेचना कर रहे प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी ने बताया कि लैलूंगा से 15 किलोमीटर दूर ग्राम कंझारी में सोमवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब बाजारडांड़ स्थित पेड़ में बंधे गमछे के फंदे पर 40 साल के एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश लटकती मिली। भीड़ लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने मातहत स्टाफ को घटना स्थल भेजा। वर्दीधारियों ने फांसी पर झूलते शव को नीचे उतारते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ भी कीए मगर उसकी शिनाख्त नहीं हुई। यही नहीं पुलिस ने मृतक के पास बरामद बैग को खोलकर देखा तो उसमें दो जोड़ी कपड़े निकले। ऐसे में नजदीकी लैलूंगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने वाली पुलिस ने मृतक के पहने कपड़े की तलाशी ली तो उसमें एक मोबाइल नंबर मिला। वर्दीधारियों ने उस नंबर पर कॉल किया तो मृतक की पहचान बलौदाबाजार जिले के रवान निवासी जगमोहन ध्रुव के रूप में हुई जो रायगढ़ के ओड़िशा रोड के एमएस कंपनी में गाड़ी चलाने का काम करता था। बहरहाल जगमोहन ने किन कारणों से लैलूंगा जाकर आत्महत्या की। इसके खुलासा के लिए मर्ग कायम करने वाली पुलिस ने शोकाकुल ध्रुव परिवार को बलौदाबाजार से लैलूंगा बुलाया है।

---

## हिन्दी व छत्तीसगढ़ी साहित्य छात्र परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रायगढ़।** खरसिया महाविद्यालय मे भाषा साहित्य परिषद के छात्रों ने 11 दिसम्बर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिन्दी व छत्तीसगढ़ी साहित्य को लेकर भव्य मंचन किया।

आयोजन की शुरूआत हिन्दी भाषा परिषद के पदाधिकारी छात्र रोहित चन्द्रा, कविता चन्द्रा, अमनराज, छत्तीसगढ़ी भाषा परिषद के छात्र पदाधिकारी लीलाधर राठिया, राजेश्वरी, बुबुन घृतलहरे, देवलता साहू ने संगीत की देवी मां शारदे की पूजा से की। हिन्दी परिषद की सदस्य छात्रा सुनिता मिरी ने राज्य गीत की प्रस्तुति दी।

मंचासीन प्राध्यापक डॉ. आरके टण्डन, डीके संजय, कुसुम चौहान के स्वागत उपरान्त पूरी सादगी व भव्यता के साथ गीत व नृत्य कला की सांस्कृतिक छटा देखने को मिली।

### आंबा में रिक्त पदों के लिए 3 जनवरी तक आवेदन

**रायगढ़।** बाल विकास परियोजना मुकडेगा अंतर्गत आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 3 जनवरी तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक सीधे पंजीकृत डाक से परियोजना कार्यालय बाल विकास परियोजना मुकडेगा में आवेदन कर सकते है। सहायिका पद के लिए आवेदिका की 18 से 44 वर्ष निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं तथा सहायिका पद के लिए 8 वीं शासन द्वारा निर्धारित है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना मुकडेगा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में परियोजना मुकडेगा से 11 पद सहायिका के बंधनपारा होरोंगुडा, सिदारपारा, बनपारा किलकिला, रूनियाखार कोंडकेल, सतनामी पारा कटकलिया, डीपापारा पोर्टेबिरनी के लिए आवेदन मंगाए गए है।

---

# रेस्क्यू ऑपरेशन : तालाब में डूबे युवक का 40 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा स्थित घुन्नी तालाब में नहाने गया युवक का शव 40 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया है। पिछले दो दिनों से लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा था। जिसके चलते आज सफलता मिली।

इस संबंध में पुलिस से जानकारी के मुताबिक बलौदा के वार्ड नंबर- 5 निवासी आनंद तंबोली उम्र 22 वष रहता था। वो रविवार दोपहर को घर के ही बच्चे के साथ नहाने के लिए पास के ही घुन्नी तालाब में गया था। यहां गहराई का अंदाजा नहीं होने के चलते आनंद पानी में डूब गया। बच्चे ने देखा कि काफी देर तक युवक पानी से बाहर नहीं निकला, तो घर में जाकर इस बात की खबर दी। परिजन तुरंत अन्य लोगों के साथ तालाब के पास पहुंचे और पुलिस को भी घटना की सूचना दी। पुलिस युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही थी। सोमवार को जांजगीर से होमगार्ड की टीम को भी बुलाया गया, इसके बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चल सका। मंगलवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। डूबे हुए युवक को बाहर निकालने के लिए स्कूबा डाइविंग का भी इस्तेमाल किया जा रहा था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे करीब 40 घंटे की मशक्कत के बाद मृत युवक का शव तालाब से निकाला गया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। तालाब के पास रखे युवक के कपड़े को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### यातायात नियम का उल्लंघन 84 चालकों से वसूले 25 हजार

**जांजगीर-चांपा।** जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत 84 वाहन चालकों से 25 हजार 6 सौ का संमन शुल्क वसूल किया गया है। कार्रवाई के तहत नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कुल 84 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 25 हजार 600 रूपए का समन शुल्क लिया गया।

---

### जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित, समारोह का देखा सीधा प्रसारण

# ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण देखने उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार की दोपहर निगम के पंजरी प्लाट स्थित आडिटोरियम में आयोजित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा लाइव प्रसारण हुआ। इसे स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साह के साथ देखा।

शासन के निर्देशनुसार पंजरी प्लांट आडिटोरियम में प्रोजेक्टर से शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रोग्राम का सीधा प्रसारण आयोजित हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी को निर्देशित किया गया था। शाम करीब 4 बजे से शपथ ग्रहण समारोह का लाइव कार्यक्रम आडिटोरियम में लगाए गए प्रोजेक्टर से शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद राज्यपाल महामहिम बलरामदास टंडन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। लाइव सीधा प्रसारण कार्यक्रम के संचालन व जरूरी व्यस्थाओं के लिए मंगलवार से ही निगम आयुक्त श्री चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में निगम के अधिकारी कर्मचारी कार्यरत थे। बुधवार को सीधा लाइव प्रसारण के लिए सुबह से ही दिए गए यूजर आईडी से प्रोजेक्टर कनेक्ट कर लिया गया था। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, निगम व कलेकक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी दोपहर 2 बजे से ही आडिटोरियम में उपस्थित हो गए थे।

शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह का सीधा लाइव प्रोग्राम शुरू हुआ। कार्यक्रम को आडिटोरियम में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साह के साथ देखा। आडिटोरियम में उपस्थितजन के उत्साह आलम यह था कि कार्यक्रम के दौरान वे भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। कार्यक्रम में उपायुक्त सुतीक्षण यादव, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया सहित कलेक्ट्रेट व निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### सीएम के शपथ ग्रहण का सारंगढ़ में लाइव प्रसारण



**सारंगढ़।** जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा कलेक्टोरेट सारंगढ़ सहित जिले के सारंगढ़, बरमकेला, बिलाईगढ़ के जनपद पंचायतों, नगरपालिका और नगर पंचायतों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनके मंत्रिमंडल के शपथ समारोह के लाइव प्रसारण किया गया। शपथ समारोह रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में शाम 4 बजे प्रारंभ हुआए जिसके सीधे प्रसारण से स्थानीय स्तर में राष्ट्रगान के अवसर पर सभी उपस्थित नागरिकों ने सावधान की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगान का सम्मान किया। जिले में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, महिला, पुरूष, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर इस पल का साक्षी बने। उपस्थित जनप्रतिनिधि अवधेश ठेठवार ने इस शपथ समारोह में उपस्थित होने पर खुशी जाहिर किया।


जय माता दी
जय महाकाल
जय श्री राम
जय श्री श्याम
सहज, सरल, सौम्य छवि के
जन नायक हमारे प्रेरणा स्त्रोत
मा. विष्णु देव साय जी
को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
एवं
मा. अरुण साव जी
को उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
अरुण साव
उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
अमर अग्रवाल
विधायक बिलासपुर
धरमलाल कौशिक
विधायक बिल्हा
धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
सुशांत शुक्ला
विधायक बेलतरा
कमल सोनी
अध्यक्ष
अजय सराफ
सचिव
राजेश शाह
कोषाध्यक्ष
मनीष अग्रवाल
भाजपा नेता
JJ Ad
शुभेच्छु: समस्त संरक्षकगण, पदाधिकारीगण एवं समस्त सदस्य
बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

13-Dec -RAIGARH-BHOOMIpg-3_Layout 1 12/13/2023 8:58 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सीएमपीएफओ घोटाले को लेकर किया जाएगा आंदोलन

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ पदाधिकारी एवं सम्बद्ध पंजीकृत यूनियन के अध्यक्षों की बैठक गत दिनों बिलासपुर में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता एबीकेएमएस के अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह राठौर ने की। बैठक में बीएमएस के कोल प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में कोयला खान भविष्य निधि संगठन घोटाला एवं ठेका मजदूरों की लंबित समस्याओं को लेकर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। बैठक में चर्चा कर निर्णय लिया गया कि सीएमपीएफ फंड में हुए घोटाले की सीबीआई जांच कराकर दोषियों को दण्डित कर पैसों की वसूली की मांग को लेकर स्थानीय सांसदों को 25 से 31 दिसंबर तक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आगामी 8, 9, 10 जनवरी को सीएमपीएफ घोटाला एवं ठेका मजदूरों की समस्याओं को लेकर सभी ईकाइयों में द्वार सभा लेकर मजदूर जागरण अभियान चलाया जाएगा। 11 जनवरी को सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालयों पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही 12 फरवरी को सीएमपीएफ क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय रांची एवं 15 फरवरी को सीएमपीएफ मुख्यालय धनबाद के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 23 फरवरी को सीएमपीएफ घोटाला एवं ठेका मजदूर की समस्याओं के निराकरण हेतु कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### युवती ने कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत ग्राम जूनाडीह निवासी एक युवती ने सोमवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक रूबीना अंसारी पिता सकिल अंसारी (20 वर्ष) सिलाई का काम कर शाम में घर आई तथा भोजन कर अपने कमरे में चली गई। साप्ताहिक बाजार से उसके भाई और पिता घर लौटे तो रूबीना के बारे में पूछा तो उसकी मां ने उसे अपने कमरे में होने की जानकारी दी। मां ने बेटी को दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। परिजन ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा तो रोशनदान में चुनरी के फंदे पर युवती लटकी मिली। युवती को फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मंगलवार को को पुलिस पीएम उपरांत शव परिजन को सुपुर्द किया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग किशोरी का अपहरण, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरी खुर्द निवासी ग्रामीण की पुत्री कक्षा 6 वीं की पढ़ाई करने के बाद घर में रहती थी। 16 वर्षीय किशोरी अपनी दीदी के घर धान काटने के लिए लोटाबहरा गई हुई थी और दीदी के घर से चार दिनों बाद वापस लौटी थी। 6 दिसंबर को किशोरी दोपहर लगभग डेढ़ बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजन द्वारा किशोरी की पता तलाश की जा रही थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन द्वारा मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बाइक से गिरकर घायल वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल वृद्धा को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी 65 वर्षीया मनमतिया खलखो पति स्व. रूगटु खलखो 9 दिसंबर को दामाद बृहमोहन के घर ग्राम कतकालो गई हुई थी। 11 दिसंबर को वृद्धा दामाद के साथ बाइक से वापस बटईकेला लौट रही थी। इस दौरान सीतापुर मुख्यमार्ग पर ग्राम डूमरपारा के समीप वृद्धा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्धा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में भर्ती कराया गया था जहां से उसे डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था।

## लोगों का आवागमन हुआ मुश्किल, दिन में दर्जनों बार लग रहा जाम

# गुदरी बाजार की सड़कों-गलियों पर व्यापारियों का कब्जा, सड़क के दोनों ओर सजाई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर का गुदरी बाजार प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो गया है। गुदरी बाजार की सड़कों पर सब्जी व्यवसाइयों ने अपना कब्जा जमा ही लिया है। अब गुदरी बाजार के आसपास की सड़कों पर भी सब्जी की दुकानें सज रही है जिससे पूरे दिन आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा दिन में दर्जनों बार सड़क जाम हो रही है। इस बड़ी अव्यवस्था से नि अनभिज्ञ बना हुआ है वहीं पुलिस एवं प्रशासन भी लोगों की इस बड़ी समस्या से अनजान बना हुआ है।

**खास बात**

- गंदगी एवं दुर्गंध से क्षेत्रवासियों का बुरा हाल

शहर के हृदयस्थल में वर्षों से गुदरी बाजार का संचालन किया जा रहा है। ननि द्वारा बाजार में बड़ी संख्या में दुकानें बनाकर आवंटित की गई है, वहीं कई निजी दुकानें भी दशकों से संचालित हैं। ननि ने ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी उत्पादकों के लिए शेड का निर्माण किया है। हालत यह है कि सब्जी व्यवसाइयों ने सड़क, शेड सहित आसपास के सभी स्थानों पर अपना कब्जा जमा लिया है। गुदरी बाजार की सड़कों के दोनों ओर लम्बे अर्से से दुकानें लग सड़क के दोनों ओर दुकानें लगने के कारण बीच में बची 4 फीट की सड़क से लोग आवागमन करते हैं। किसी दुकान में दो-तीन ग्राहकों के एक साथ खरीददारी करने एवं किसी दुपहिया वाहन के पहुंचने पर सड़क जाम हो जाती है। भारी भीड के बीच दर्जनों फल विक्रेता ठेला घूमाकर फल बेचते हैं, वहीं एक दर्जन से अधिक व्यवसायी सड़क किनारे ठेले लगाकर अपना व्यवसाय संचालित करते हैं। ननि से मिली छूट के कारण कई व्यवसायी तो एक साथ पांच-पांच दुकानें लगा रहे हैं। व्यवसाइयों की मनमानी से बाजार में स्थित घर व दुकानों के सामने की जगह भी खाली नहीं बची है। शिवाजी की प्रतिमा के चारो तरफ व्यवसाइयों ने अपना कब्जा जमा लिया है। सड़क किनारे बनी नाली पर भी व्यवसाइयों ने कब्जा जमा लिया है। समय-समय पर ग्राहकों की भीड़ देख व्यवसायी अपनी दुकान की जगह भी बदलते रहते हैं। ग्रामीणो के लिए बने शेड पर व्यवसाइयों का कब्जा होने के कारण सब्जी उत्पादकों को जगह नहीं मिल रही है। व्यवसाइयों ने अब महिला मंडल काम्पलेक्स के पास की जगह एवं मल्टीपरपज स्कूल की दीवार के किनारे बनी नाली पर भी कब्जा जमा लिया है। वार्डवासी एवं पार्षद गुदरी बाजार की अवस्था से दर्जनों बार ननि प्रशासन को जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन किसी ने भी व्यवस्था को सुधारने में रूचि नहीं दिखाई। मनमानी का विरोध करने पर व्यवसाई गुण्डागर्दी करने पर उतारू हो जाते हैं जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है।


गुदरी बाजार के जाम में फंसे वाहन व सब्जी खरीदने पहुंचे लोग।


सड़क के किनारे खड़ी वाहनों से बंद सड़क।

**अब स्वयं करेंगे पहल**

गुदरी बाजार के व्यवसाइयों की मनमानी एवं अव्यवस्था एवं अतिक्रमण की शिकायत कई बार नि प्रशासन से पूर्व में की गई है। ननि द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। नई सरकार के गठन उपरांत अब हम सभी स्वयं व्यवस्था को सुधारने की पहल करेंगे।

-विकास वर्मा रिंकू, पार्षद

### दुर्गंध से लोगों का बुराहाल

गुदरी बाजार में निवासरत लोगों का कहना है कि सब्जी व्यापारी पूरे दिन व्यवसाय करने के उपरांत शाम में सब्जियों के अवशेष सड़क किनारे रखकर चले जाते हैं। कई व्यवसाई खराब सब्जियों को पास की खाली भूमि में फेंक देते हैं। सब्जियों के अवशेष नालियों में फेंकने के कारण नालियां जाम हो गई है, जिसके कारण दिन-रात लोगों को भारी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। ननि अमला बाजार की नियमित सफाई कराता है। इसके बावजूद बाजार की गंदगी एवं दुर्गंध से कभी राहत नहीं मिली। ननि द्वारा कभी भी बाजार की सड़कों व गलियों को कब्जामुक्त करने की पहल नहीं की गई। लोगों का कहना है कि बाजार में व्यवसाइयों को पर्याप्त जगह नहीं मिल रही है तो ननि अन्य स्थान पर बाजार का संचालन करें अथवा व्यवस्था को दुरूस्त करें, ताकि हर दिन जाम एवं गंदगी से राहत मिल सके।

#### आए दिन हो रही चोरियां

बाजार में नशेड़ियों एवं असमाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ने के कारण आए दिन चोरी की घटनाएं तो आम हो गई है। खरीदी करने के दौरान पलक झपकते ही अपराधिक तत्व ग्राहकों का मोबाइल पर्स एवं वाहन पार कर देते हैं। ननि ने बाजार के बीच वाहन पार्किंग की जगह बनाई है लेकिन पार्किंग स्थल की सड़क पर ठेला संचालकों का कब्जा होने के कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पाते।

#### नहीं पहुंच सकता एंबुलेंस

गुदरी बाजार के चोरों तरफ का इलाका रिहायशी एवं व्यवसायिक है। अवैध अतिक्रमण के कारण इस इलाके में दुघर्टना वश आग लगने की स्थिति में फायर बिग्रेड नहीं पहुंच सकती। कई बार ऐसी स्थिति भी निर्मित हुई कि गंभीर रूप से बीमार परिजन को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस बुलाना पड़ा, लेकिन सड़क पर व्यवसाइयों का कब्जा होने के कारण एंबुलेंस घर तक नहीं पहुंच सकी एवं परिजन को काफी मशक्कत से पीड़ित को मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को वार्डवासियों की नाराजगी का परिणाम भी भुगतना पड़ा है। इसके बावजूद ननि व्यवस्था सुधारने की पहल नहीं कर रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा को कीमोथेरेपी के लिए मिला प्रदेश में दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कैंसर मरीजों के उपचार उपलब्ध कराने शुरू की गई कीमोथेरेपी सुविधा के मामले में शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मिशन संचालक द्वारा शहरी सीएचसी को सम्मानित किया गया है। बता दें कि नवापारा स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डे केयर कीमोथेरेपी की सुविधा वर्ष 2020 में शुरू की गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कीमोथेरेपी की सुविधा शुरू होने के बाद कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी कराने के लिए बार बार रायपुर, बिलासपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इस वर्ष अब तक 950 लोगों को कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जबकि अप्रैल से अक्टूबर 2023 के मध्य ही 507 मरीजों की कीमोथेरेपी की गई है। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुष जायसवाल व शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अमीन फिरदौसी ने बताया कि शहरी सीएचसी में कलेक्टर कुंदन कुमार व सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता के मार्गदर्शन में मरीजों को कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही कैंसर के मरीजों को उपचार के दौरान होने वाली असहनीय पीड़ा से उबारने के लिए पेन एन्ड पैलिएटिव केयर यूनिट की स्थापना की गई है। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य नवापारा ने डे केयर कीमोथेरेपी में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस सुविधा को उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में पहला स्थान बस्तर और तीसरा स्थान महासमुंद जिले ने हासिल किया है। रायपुर में आयोजित समारोह के दौरान मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हाथों सरगुजा जिले को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। कीमोथेरैपी में स्टाफ नर्स एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा के सभी समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में कैंसर कीमोथेरेपी के सभी तरह के सम्पूर्ण इलाज शासकीय योजनाओं के तहत बिल्कुल मुक्त है।

- वर्ष 2020 में शुरू की गई थी व्यवस्था, मरीजों को नहीं जाना पड़ता है रायपुर


प्रमाण पत्र के साथ चिकित्सक।

## धान खरीदी में नहीं आ रही तेजी नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए करीब डेढ़ महीने बीत जाने बाद भी खरीदी कार्य में गति नहीं आ सकी है। धान खरीदी कार्य में सुस्ती के कई प्रकार के कारण लोगों द्वारा बताए जा रहे हैं। इस संबंध में मंगलवार को पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा जयनगर खरीदी केंद्र में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा कर रिकार्ड का मिलान भी किया गया। जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार 1 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य शुरू कर दिया गया है। करीब डेढ़ महीने बाद भी जयनगर खरीदी केंद्र में महज 468 क्विंटल धान खरीदा गया और केशवनगर खरीदी केंद्र में 58 क्विंटल धान की ही खरीदी हो सकी है। बताया जा रहा है कि अभी तक किसानों से 15 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी किया जा रहा है। साथ ही 2183 रुपए प्रति एकड़ के दर से धान की कीमत भुगतान किया जा रहा है। मंगलवार को पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने जब जयनगर उपार्जन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया तब यहां पर ग्राम पंचायत निवासी किसान बुधराम द्वारा 175 कट्टी धान उपार्जन केन्द्र मे लाया गया था। यहां पर नायब तहसीलदार द्वारा किसानों से खरीदी कार्य के संबंध में चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए रिकार्ड का मिलान भी किया गया। इस दौरान धान खरीदी प्रभारी महेश कुमार सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## अक्षत कलश के साथ नगर में निकली भव्य शोभायात्रा, पुष्प वर्षा के साथ जगह जगह किया गया स्वागत



**सीतापुर।** श्रीराम मंदिर निर्माण स्थल अयोध्या से आये अक्षत कलश का नगर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राम सीता लखन एवं हनुमान की झांकी के साथ नगर में अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ आदर्शनगर स्थित मां दुर्गा मंदिर से निकली इस भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान भक्ति गीतों पर नाचते गाते भक्तो द्वारा श्रीराम के जयघोष से पूरा नगर का माहौल राममय हो उठा था। दुर्गा मंदिर से निकली रैली नगर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए महामाया मंदिर पहुंची जहां रामलाल के झांकी की आरती उतारने के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर रैली में जिला प्रचारक आरएसएस जितेंद्र शर्मा, खंड कार्यवाहक राजेंद्र प्रजापति, प्रमोद पैंकरा, सामाजिक समरसता प्रमुख अंजनी कुमार शाह, बीआर बैरागी, विपिन ओझा, उमेश मिश्रा, रमेश दास, महेंद्र अग्रवाल, पीतांबर अग्रवाल, सदानंद गुप्ता, अनूप अग्रवाल, नटवर गुप्ता, नाथूराम, एमआर भगत, रूपेश गुप्ता, आर्य रूपेश मिश्रा, संकेत गुप्ता, किशन उपाध्याय, देवेश मिश्रा, विष्णु अग्रवाल, नीरू मिस्त्री, स्नेहलता गुप्ता, राधा यादव, ललिता तिवारी, उमाशंकर गुप्ता, संजय गुप्ता समेत काफी संख्या में महिला, पुरुष, युवा-बच्चों शामिल हुए।

### कलश यात्रा निकाल अक्षत कलश को किया गया स्थापित

**अम्बिकापुर।** मंगलवार को कलश यात्रा निकाल कर श्री राम मंदिर अयोध्या द्वारा पूजित अक्षत कलश को राम मंदिर से शिव पंचायतन मंदिर सत्तीपारा में स्थापित किया गया। सत्तीपारा की महिलाओं व वार्डवासियों ने पदयात्रा कर अभिमंत्रित कलश को शिव पंचायतन मंदिर में स्थापित किया। इस दौरान भोलानाथ गुप्ता, अरूण कुमार त्रिपाठी, अजय नारायण सिंह, कन्हैया प्रसाद गुप्ता, भरत सिंह, रमाशंकर सिंह, पीयूष कुमार त्रिपाठी, आशा शुक्ला, गीता तिवारी, दुर्गावती दुबे, रीना केशरी, चंद्रावती कश्यप, आराधना तिवारी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



### इंजीनियरिंग कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर सेमीनार

**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ एवं रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल में महिलाओं की विभिन्न पहलुओं विषय पर सेमीनार का आयोजन श्रीमती वंदना दत्ता, श्रीमती सुनिधि शुक्ला के आतिथ्य में किया गया। प्राचार्य डॉ. आर एन खरे ने महिला सुरक्षा और उनसे जुड़े अधिनियमों की जानकारी दी। श्रीमती वंदना दत्ता ने महिला सशक्तिकरण पर अपने अनुभवों को साझा किया। श्रीमती सुनिधि शुक्ला ने महिलाओं में शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होने सुरक्षा के लिए कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण बनाने पर बल दिया। उन्होंने महिलाओं के आत्मरक्षा के तरीकों के बारे में बताया। महीधर दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती पूनम दीवान, श्रीमती जैस्मिन मिंज, अदिती सिंह सहित अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


### युवती के शरीर में नाग की आकृति देख पूजा अर्चना करने उमड़ी भीड़

**महंगई।**आधुनिकता के इस दौर में एक ओर जहां लोग चंद्रमा तक पहुंच चुके है वहीं दूसरी ओर आज भी लग अंधविश्वास के जंरीरों में जकड़े हुए है और आज भी ग्रामीण क्षेत्र में अंधविश्वास की खबरे भी बढते क्रम में है। जिले के रामानुजनगर विकासखंड क्षेत्र स्थित ग्राम मोहनपुर निवासी युवती की शरीर में नाग का चित्र देखे जाने का मामला सामने आया है। युवती की शरीर में नाग का चित्र देख अब लोग बड़ी संख्या में युवती के घर पूजा अर्चना करने में जुट रहें है। इधर परिजनों का दावा है कि पहले युवती मानसिक रूप से परेशान रहती थी, जिसका उपचार कई जगहों पर करा चुके थे। परंतु कुछ दिन पूर्व अचानक उसके शरीर पर नाग का चित्र देखा गया। युवती के शरीर पर नाग का चित्र होने की खबर आसपास क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और अब बड़ी संख्या में लोग उसके घर आकर पूजा पाठ शुरू कर दिया। रोजाना पूजा पाठ करने दूर-दूर से लोग जुटने लगे।

## शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नहीं जल रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में ठंड ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शाम ढलते ही पारा गिरने लगी है। ठंड के बढ़ने से अब लोग गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा लेना शुरू कर दिए है। हैरानी की बात यह है कि ठंड बढ़ने के बावजूद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान है। बस स्टैण्ड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से रात्रि में सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर माह के शुरुआत से ही पारा गिरने से दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले सप्ताह बारिश होने के बाद बादल छटने से तीन दिनों के भीतर ही पारा गिरने से रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। हालांकि आसमान में हल्का बादल छाने से ज्यादा ठंड का एहसास नहीं हुआ परंतु पिछले दो दिनों से सर्द हवा चलने से दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड रहा है। सुबह के समय धूप का सहारा मिल जाती है परंतु शाम के बाद ठंड का असर शुरू हो जाता है। ऐसे में रात के समय सफर करने वाले राहगीरों व यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ती है। नगर निगम द्वारा लोगों को राहत दिलाने शहर के भीड़भाड़ वाले चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जाती है लेकिन इस वर्ष अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में रात के समय लोगों को ठंड के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि पारा नीचे गिरने से रात के समय गर्म कपड़े का असर भी कम हो जाता है। जिस तरह से ठंड पड़ने लगी है ऐसे में चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से ऑटो चालक, रिक्शा चालक सहित रात के समय सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



## पत्नी का हत्यारा पति चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

**सूरजपुर/प्रतापपुर।** शराब पीने के आदि ग्रामीण ने शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने और न ही धान बेचने देने से न सिर्फ नाराज हो गया बल्कि पत्नी पर टांगी से प्राणघात हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की रिपोर्ट पर चंदौरा पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी रेवटी क्षेत्र के ग्राम पहाड़ करवां निवासी लक्ष्मण प्रसाद आ. रामलखन (30 वर्ष) शराब पीने का आदि था। रविवार को लक्ष्मण प्रसाद शराब पीने के लिए पत्नी बिगनी से पैसा मांग रहा था। पत्नी ने पैसा नहीं होने की बात कहकर मना कर दिया। पत्नी के मना करने पर शराब पीने के लिए घर में रखे धान को निकालने लगा। जिसे देख पत्नी ने मना किया तो लक्ष्मण आक्रोशित हो गया और पैसा नहीं देने तथा धान नहीं निकालने देने पर घर में रखे टांगी से पत्नी के सिर पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी ग्राम पकनी निवासी बहन जानकी सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

